जो साधु अन्य तीर्थी का वा गृहस्थ का पग मसले मर्द्दन करे अथवा करते हुए को भला जाने तो प्रायश्चित्त। जिस प्रकार तीसरे उद्देशे में ५५ बोल कहे हैं उसी प्रकार यहाँ सर्व कहना यथा—१ अन्य तीर्थी को वा गृहस्थ को प्रमार्जे २ मर्दन करे, ३ तेलादि मसले, ४ लोद्रादि लगावे, ५ धोवे, ६ रंगे, ७ ऐसे ही शरीर को प्रमार्जे, ८ मर्दन करे, ९ तेलादि मसले, १० लोद्रवादि लगावे, ११ धोवे, १२ रंगे, १३ शरीर के गड़गुम्बड़ादि होय उन्हें प्रमार्जे, १४ मर्दन करे, १५ तेलादिक लगावे, १६ लोद्रवादि लगावे, १७ धोवे, १८ रंगे, १९ गुम्बड़ादिको छेदे, २० रक्त निकाले, २१ पीप निकाले, २२ धोवे, २३ लेप करे, २४ मर्दन करे, २५ धूप देवे, २६ गुदा की कृमि निकाले, २७ नख सुधारे, २८ गुह्य स्थान के वाल छेदे, २९ भौंहों के जंघा के काँख के दाढ़ी के मूंछ के मस्तक के कान के नाक के आँख के इन नवों स्थानों के केश छेदे, ३८ दाँत घसे, ३९ दाँत धोवे, ४० दाँत रंगे, ४१ ओष्ठ घसे, ४२ ओष्ठों का मैल निकाले, ४३ ओष्ठ धोवे, ४४ खटाइ देवे, ४५ रङ्ग चढ़ावे, ४६ लम्बे ओष्ठों को काटे, ४७ दीर्घ मूंछे काटे, ४८ आँख साफ करे, ४९ आँख का मैल निकाले, ५० आँख धोवे, ५१ आँख शुद्ध करे, ५२ अञ्जन सुरमादि डाले, ५३ भौंहों के केश सुधारे, ५४ आँख, कान, नाशिका, दाँत, नखों का मैल निकाले, ५५ स्वेद (पसीना) पोंछे, यावत् साधु मुनिराज ग्रामानुग्राम विचरते हुए अन्य

तीर्थी वा गृहस्थ को देखकर उनका मस्तक छत्र वस्त्रादि से ढाँके इत्यादि वैयावृत्य करे, करावे, करते हुए की अनुमोदना करे, तो प्रायश्चित्त।

॥ बोल तेतीसवां तथा चौतीसवां ॥

साधु आप रहता होय जिण स्थानक में न्यातीला वा अण न्यातीला, श्रावक वा अश्रावक ने आखी रात वा आधी रात, राखे तो प्रायश्चित्त आवे। सा० सू० निशीथ उद्देशे ८ वें बोल १२ वें।

साधु रहता होय जिण स्थानक में न्यातीला वा अण न्यातीला, श्रावक वा अश्रावक, आखी रात वा आधी रात रहै उणां ने नहीं निषेधे तो प्रायश्चित्त आवे। सा० सू० निशीथ उद्देशे ८, बोल १३ वें।

॥ दोहा ॥

साधु वसे तिण स्थान में, निज न्याती प्रते जान।
अथवा अण न्याती प्रते, राख्यां दंड पिछान ॥१२३॥
श्रावक हो अथवा वलि, अश्रावक जो होय।
सर्व वा अर्ध रात्रि में, राख्यां प्रायश्चित्त जोय ॥१२४॥
इमहिज रहता हुयां प्रते, नहीं निषेधै तास।
निशीथ उद्देशे आठवें, प्रायश्चित्त कह्यो जास ॥१२५॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू णायगं वा अणायगं वा उवासयं वा अणुवासयं वा,

अन्तो उवस्सयस्स अद्ध वरायं, कसिण वरायं, संवसावेइ, संवसा वंता साइज्जइ ॥१२॥ जे भिक्खू तं न पडियाएक्खेइ न पडियाइक्खं तं वा, साइज्जइ ॥१३॥

सू० निशीथ उद्देशे ८ वें।

॥ भावार्थ ॥

जो साधु ज्ञाती ने तथा अज्ञाती ने, श्रावक ने तथा अश्रावक ने, आप जिस स्थान में रहते हों उसी स्थान में सर्व रात्रि अथवा अर्द्ध रात्रि उनके साथ रहे यावत् अनुमोदे तो प्रायश्चित्त। रहते हुए को न निषेधे अर्थात् मना न करे तो प्रायश्चित्त आवे।

॥ सोरठा ॥

एक स्थान इक कल्प रे, तिण में ग्रहस्थी ने मुनी।
राखयां प्रायश्चित्त जल्परे, अर्द्ध तथा शर्व रात्रि तक।१२६।
इक आंगण उपरान्त रे, सामायक पौषध ग्रही करे।
ते ठाम २ विरतन्त रे, सूत्र देख निर्णय करो ॥१२७॥

॥ बोल पैंतीसवां ॥

सावद्य दान की प्रशंसा करे तिण ने प्राणी जीवां को बध बंछणहारो कह्यो। सा० सू० सूयगडांग अ० ११ वें गा० २० वीं।

॥ दोहा ॥

जो सांसारिक दान री, करे प्रशंसा कोय।
बध बंछे षट् काय नूं, सूयगडांगे जोय ॥१२८॥

अध्ययन इग्यारहवां ने विषै, वीसमी गाथा मांहि।
निषेधियां वर्त्तमान में, वृत्ति छेद कहाहि ॥१२९॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जेय दाण पसंसंति, वह मिच्छन्ति पाणिणो।

जेयण पडि सेहंति, वित्तिच्छेय करंति ते ॥१३०॥

॥ भावार्थ ॥

जो दान की प्रशंसा करे सो प्राणी जीवों का वध वंछता है, और जो वर्त्तमान मे निषेध करे तो लेने वाले की वृत्ति का छेद करे।

॥ सोरठा ॥

इहां को प्रश्न करेह रे, सावद्य शब्द नहीं पाठ में।
समुच्चै दान कहेह रे, तसु उत्तर आगे सुणो ॥१३०॥
छहुं काय री घात रे, मुनि ने देतां नहिं हुवै।
ते निरवद्य साक्षात रे, तिणरी प्रशंसा बहु जगह ॥१३१॥
दान शील तप भाव रे, च्यार मार्ग यह मुक्ति रा।
ते निरवद्य ठहराव रे, करि जिन आज्ञा सहित जो ॥१३२॥
शरीर अधिकरण नांहि रे, पीहर है षट् काय ना।
यावज्जीव लग ताहि रे, मुनि रे हिंसा त्याग है ॥१३३॥
तसु दीधां पुण्य जान रे, अशुभ कर्म पिण क्षय हुवे।
दियां सुपात्र दान रे, श्रावक रे व्रत बारमूं ॥१३४॥
दुर्लभ कह्या जिनराय रे, शुद्ध दान दाता तिका।
दीधां शुभ गति जाय रे, दशवैकालिक विषे कह्यो ॥१३५॥

सुमुख प्रमुख दश ताय रे, मुनि ने दान देई करी ।
एकावतारी थाय रे, केइक तिण भव मोक्ष में ॥१३६॥
पञ्चम अङ्ग पिछाण रे, अष्टम शत उद्देश षट् ।
तथा रूप मुनि नें जाण रे, श्रावक पडिलाभे तसु ॥१३७॥
एकान्त निर्जरा होय रे, किञ्चित्मात्र पिण पाप नहीं ।
पुण्य बन्ध अवलोय रे, ठाम ठाम सूत्रे कह्यो ॥१३८॥
स्थानाङ्ग नवमे जोय रे, नव विधि पुण्य बन्धे कह्यो ।
निर्वद्य नवों अवलोय रे, मुनि ने कल्पे ते कह्या ॥१३९॥
नमस्कार कियां जाहि रे, तेहने निर्दोष अन्न दियां ।
पुण्य तणो बन्ध थाहि रे, नव ही सरीखा जाणिये ॥१४०॥
ते माटे इहां जान रे, निरवद्य दान न लेखवो ।
बीसमीं इकबीसमीं पिछान रे, गाथा देख निर्णय करो ॥
अस्ति नास्ति ये दोय रे, पुण्य पाप नी नहीं कहे ।
वर्त्तमान में जोय रे, पूछ्यां थी मुनि नहीं वदे ॥१४२॥
तेम इहां अवधार रे, निषेधियां वर्त्तमान में ।
करन्ति शब्दे धार रे, क्रिया तेह वर्त्तमान री ॥१४३॥
कियां प्रशंसा सोय रे, बध वंछणहारो कह्यो ।
प्रत्यक्ष ही अवलोय रे, सावद्य दान यह जाणवो ॥१४४॥
ठाम २ जिन राय रे, कुपात्र दान तणा कह्या ।
फल कडुआ अधिकाय रे, पक्षपात तज सांभलो ॥१४५॥
मृगा लोढा ने देख रे, गौतम जिनपे आय करि ।

दुःख विपाक में लेख रे, पूछ्यो किं दत्ता इणे ॥१४६॥
सूत्र भगवती मांहि रे, अष्टम शतके देखलो ।
छट्ठे उद्देशे ताहि रे, असंयती अविरतिने ॥ १४७ ॥
पाप एकान्त जे थाय रे, सचित अचित पड़िलाभियां ।
निर्जरा किंचित नांहि रे, प्रत्यक्ष पाठ विषे कह्यो ॥१४८॥
तथा सूयगडाअंगेह रे, नवम अध्ययन तेवीसमीं ।
गाथा मे इम लेह रे, साधु बिन अनेरा प्रते ॥१४९॥
दान देवो अवधार रे, कारण पाप तणो तिको ।
भ्रमण हेतु संसार रे, इत्यादिक बहु सूत्र में ॥१५०॥
वलि आनन्द श्रावक जान रे, अन्य तीर्थी ने देण रा ।
कीधा छे पच्चखान रे, सप्तम अंगे देखल्यो ॥१५१॥
जो फल न कहे कदेह रे, सावद्य दान तणा अशुभ ।
तो भवि किम जाणेह रे, सुपात्र कुपात्रज दान ने ॥१५३॥
निषेधियां वर्त्तमान रे, अन्तराय लागे तसु ।
वलि वृत्तिच्छेदक जान रे, दान लेण वाला तणी ॥१५४॥
प्रशंसियां जे दान रे, प्राण घात वांछक कह्यो ।
तो ते दीधां दान रे, ते हिंसक किम नहीं हुवे ॥१५४॥
मुनि विन अपर शरीर रे, अधिकरण षट् काय नूं ।
तसु तीखो कियां सीर रे, हिंसादिक कारज तणो ॥१५५॥
अव्रत मांहि देह रे, लेवे ते पिण अविरत में ।
दूजो आस्रव सेवेह रे, तिण थी न हुवे पुण्य बंध ॥१५६॥

कोई कहै शुभ परिणाम रे, दान देण वाला तणा ।
तिण सूं पुन्य बन्ध ताम रे, तसु उत्तर हिये विचारिये ॥
साता वंछी एक रे, धुर आस्रव सेवावियो ।
दूजो बोल अलीकरे, दुःख दूजा रो मेटियो ॥१५८॥
तीजो चोरी कराय रे, पर साता परिणाम से ।
इक मैथुन सेवाय रे, साता रा परिणाम से ॥१५९॥
इम परिग्रह रखवाय रे, हित वंछी भल भाव से ।
यह पंचास्रव न्याय रे, बुद्धिवन्त हिये विचारिये ॥१६०॥
धुर पंचम रे मांहि रे, धर्म पुन्य जो होय तो ।
विचला तीन में ताहि रे, धर्म पुन्य पिण जाणवो ॥१६१॥
न हुवे शुभ परिणाम रे, पंचास्रव सेवावतां ।
जिन आज्ञा बिन काम रे, कीधां थी धर्म पुण्य नहीं ॥
तिण सूँ लौकिक दान रे, प्रशंसवो नहीं मुनि भणी ।
प्रशंसियां थी जान रे, इच्छक प्राणी बध तणुं ॥१६३॥

॥ बोल छत्तीसवां ॥

विषय सहित धर्म बुरो, जिम ताल पुट जहर खायां, कुरीति से हाथ में शस्त्र लियां, कुविधि मन्त्र जपियां मरण पामें, तिम इन्द्रियों की विषय सहित धर्म प्ररूपे ते घणा जन्म मरण बधावे । सा० सू० उत्तराध्ययन अ० २० वें गा० ४४

॥ दोहा ॥

जिम विष खायां तालपुट, कुविधि शस्त्र हाथ मझार।
मन्त्र कुरीति जपियां थकां, पामे मरण तिवार ॥१६४॥
तिम विषय सहित जे धर्म छे, प्ररूपियां तसु जान ।
दुःखदाई होवे घणो, जन्म मरण वहु मान ॥१६५॥
उत्तराध्ययन में जिन कह्यो, वीसमाध्ययन रे मांहि ।
चार चालीसवीं गाह में, हिंसा धर्म दुःखदाय ॥१६६॥

॥ सूत्र पाठ ॥

विसतु पीयं जह काल कूड. हणाइ सत्थं जह कुग्गाहियं ।
एसो विधम्मो विसओव वन्नो, हणइ वेयालइवा विवन्नो ॥४४॥

उत्तराध्ययन अ० २० वें ।

॥ भावार्थ ॥

जैसे कालकूट जहर पीने से, कुविधि शस्त्र ग्रहण करने से, और कुरीति से वेतालादि मन्त्र जपने से, मृत्यु प्राप्त हो। वैसे इन्द्रिय विषय सहित धर्म प्ररूपना करने से जन्म मरणादि की वृद्धि हो तथा दुःखदाई हो।

॥ बोल सैंतीसवां ॥

भाषा २ कही १ आराधक, २ विराधक। विराधक भाषा में औगुण ४ कह्या यथा—१ असंयम, २ अविरत, ३ अपडियाई, ४ अपच्चक्खाण पाप कर्म सा० सू० पन्नवणा पद ११ वें।

॥ दोहा ॥

दोय प्रकारे जाणवी, भाषा जे बोलेह ।
आराधक प्रथमा कही, द्वितीय विराधक जेह ॥१६७॥
सउपयोग यथोक्त जे, ते आराधक जान ।
विराधक तेण परं अछे, विन उपयोग अयुक्त पिछान ॥
अवगुण चार तिण में अछे, असंयम अव्रत अवलोय ।
अप्रतिहत अपच्चक्खाण इम, पन्नवणा इग्यारह्वें जोय ॥

॥ सूत्र पाठ ॥

इच्चेयाइ भंते चत्तारि भासाज्जायाइं भासमाणे किं आराहए विराहए ? गोयमा इच्चेयाइं चत्तारि भासाज्जायाइं आउत्त भासमाणे आराहए णो विराहए, तेणं पर असंजय, अविरय, अपडिहत, अपच्चक्खाय पाव कम्मे ।

पन्नवणा पद ११ वाँ ।

॥ भावार्थ ॥

हे भगवान् यह चार भाषा जाति भाषते हुए आराधक है या विराधक ? हे गौतम यह चार प्रकार की भाषा उपयोग सहित जैसे की जैसे बोले तो आराधक है, विराधक नहीं। इसके उपरान्त असंयम, अविरत, अप्रतिहत, पाप कर्मों का अप्रत्याख्यान है।

॥ बोल अड़तीसवां ॥

मिश्र भाषा बोल्यां महा मोहनीय कर्म बंधे ।
सा० सू० दशाश्रुतस्कन्ध अध्ययन ६ वें बोल ६ वें ।

॥ दोहा ॥

मिश्र भाषा बोल्यां थकां, महा मोहनीय बन्ध ।
नवमें बोले आखियो, श्री दशाश्रुत स्कन्ध ॥१७०॥
जाणंतो परिषध विषे, सांच झूठ बिहुं मेल ।
बोले कपट सहित जे, मिश्र वच कुकला खेल ॥१७१॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जाण माणे परिसए, सच्च मोसाइ भासए ।
अक्खीण झंझे पुरिसे, महा मोह पकुव्वइ ॥९॥

दशाश्रुतस्कन्ध अ० ९ ।

॥ भावार्थ ॥

जो जानता है कि यह झूठ है तो भी सभा में बैठ कर मिश्र भाषा बोले, अर्थात् सत्य झूठ का निर्णय न होवे ऐसी भाषा बोले सत्यासत्य भाषा बोले, क्लेश की वृद्धि करे, सो महा मोहनीय कर्म उपार्जन करता है ।

॥ बोल उनचालीसवां ॥

मिश्र भाषा छोड़े छुड़ावे तिणने समाधि कही ।
सा० सू० प्र० सुयगडांग अ० १० वें गा० १५ वीं ।

॥ दोहा ॥

वचन गुप्ति प्राप्त मुनी, परम समाधिवन्त ।
छोड़े छोड़ावे मिश्र वच, शुभ लेश्या धर सन्त ॥१७२॥

घर छावे नहीं महा ऋषी, नहीं छवावे जेह ।
वर्जे संग स्त्री तणो, दशम सुयगडाअंगेह ॥१७३॥

॥ सूत्र पाठ ॥

गुत्तोवई एय समाहि पत्तो, लेसं समाहट्टु परिव्वयेज्जा ।
गिहं न छाये णवि छायेज्जा, समिस्स भावं पयहे पयासु ॥१५॥

॥ भावार्थ ॥

वचन गुप्तिवन्त अर्थात् सावद्य वचन गोपने वाले समाधि और शुभ लेश्या के धारक अपने रहने के लिये घर छावे नहीं, अन्य से छवावे नहीं, समभाव धारण करता हुआ मिश्र भाषा का त्याग करे।

॥ बोल चालीसवां ॥

मिश्र भाषा तथा असत्य भाषा सर्व प्रकारे छोड़नी कही, सत्य और व्यवहार भाषा बोलनी कही। सा० सू० दशवैकालिक अ० ७ गाथा १ लो ।

॥ दोहा ॥

सर्व प्रकारे असत्य मिश्र, नहीं बोले मुनि बैण ।
सत्य व्यवहार ही भाषवे, च्यार भाषा में सैण ॥१७४॥
दशवैकालिक में कह्यो, सप्तमध्ययने स्वच्छ ।
पहली गाथा ने विषे, सीखे सविनय वच्छ ॥१७५॥

॥ सूत्र पाठ ॥

चउण्हं खलु भासाणं, परिसंखाए पण्णवं ।
दोण्हं तु विणयं सिक्खे, दो ण भासिज्ज सव्वसो ॥१॥

दशवैकालिक अ० ७ वाँ ।

॥ भावार्थ ॥

चार प्रकार की भाषा है जिसमें सत्य और व्यवहार तो विनय पूर्वक सीखे, किन्तु असत्य और मिश्र भाषा सर्वथा प्रकारे नहीं बोले ।

॥ बोल इकचालीसवां ॥

मिश्र भाषा रा धणी रो वचन अवक्तव्य कह्यो, अणविमासी बोलनहार कह्यो, अज्ञानवादी कह्यो, पूछ्यां रो जवाब देवा असमर्थ कह्यो, मिश्र धर्म प्ररूपणे वालो आप रो मत थापवा भणी छलवल मांडतो कह्यो। सा० सू० प्र० सूयगडांग अध्ययन १२ वें गाथा ५ वीं ।

॥ दोहा ॥

मिश्र भाव प्राप्त थको, मिश्र नूं बोलणहार ।
बोले विना विचारियो, अज्ञान वादी धार ॥१७६॥
जाव देवा समरथ नहीं, पूछ्यां थी अवलोय ।
मिश्र धर्म प्रते स्थापवा, छल बल मांडे सोय ॥१७७॥
आत्म अक्रियो मान कर, फुन प्रकृति चय मुक्ति ।
इम इक पख इम दोय पख, सांख्य दर्शनी उक्ति ॥१७८॥
प्रथम सुयगडाअंगे कह्यो, द्वादशध्ययने पेख ।
मिश्र वक्ता अवक्त हैं, पंचमी गाथा पेख ॥१७९॥

॥ सूत्र पाठ ॥

सम्मिस्स भावं च गिरा गहीए, से मुम्मुई होइ अणाणुवाई ।

इमं दु पक्खं इममेग पक्खं, आहंसु छलाय तणं च कम्मं ॥५॥

प्र० सूत्र कृतांगे द्वादशमध्ययने ।

॥ भावार्थ ॥

मिश्र भाव को प्राप्त होके, प्रश्न करने वाले को उत्तर देने में असमर्थ होते हैं, और मौन धारण करते हैं, वे अज्ञानवादी कभी क्या कहे, कभी क्या कहे, इस तरह से कभी एक पक्षी, कभी दो पक्षी होते हैं। और छल बल करके अपना मत स्थापन करते हैं।

॥ बोल बयालीसवां ॥

साधु री आज्ञा बारे धर्म श्रद्धे तिण ने काम भोग में खूतो कह्यो, हिंसा रो करणहार कह्यो। सा० सू० प्र० आचारांग अध्ययन ६ उद्देशो ४ थो।

॥ दोहा ॥

साधु री आज्ञा बिना, श्रद्धे धर्म उदार।
ते काम भोग में खूतिया, हिंसा रा करणहार ॥१८०॥
प्रथम आचारांगे कह्यो, षष्ठम ध्ययन मझार।
चौथा उद्देशा विषे, सांभलज्यो विस्तार ॥१८१॥
ब्रह्मचर्य वसता थकां, आण न मन मानेह।
माननीय होऊं लोक में, इम धारी घर छांडेह ॥१८२॥

ते काम भोग गृद्धी छता, मूर्च्छित विषय मंझार।
समाधि मार्ग जिन भाषियो, ते नहीं सेवे लिगार।१८३।
आर्य व शुद्ध साधु तसु, शिक्षा दे किण वार।
तो तेहनी निन्दा करे, वे द्विगुण मूर्ख इम धार॥१८४॥

॥ सूत्र पाठ ॥

वसित्ता बंभचेरंसि आणं तं णो त्ति मराण माणा, अग्घायं तु सोच्चाणि सम्म समणुना जिविस्सामो, एगे णिक्खम्मते असंभवंता विडज्झ-माणे कामेहिं गिद्धा, अज्झो वराणा समाहि माधाए मज्झो सयं ता सत्थारमेव फरू सं वदंति। सील मता उव संता संखाए रीयमाणा असीला अणुवय माणस्स वितिया मंदस्स वालया।

प्र० आचारांगे पष्ठमध्ययने चतुर्थोद्देशे।

॥ भावार्थ ॥

कितनेक साधू होकर आज्ञा का अनादर करते हुए विषय लम्पटी होकर उनमें लिप्त हो जाते हैं। मैं सब का माननीय होऊंगा ऐसा विचार करके दीक्षा अंगीकार करते है, ब्रह्मचर्य धारते हैं, परन्तु गुर्वाज्ञा प्रमाण मोक्ष मार्ग में नहीं चलते। काम इच्छा से सुखों में मूर्च्छित होकर विषयों की ओर ध्यान दे गृद्धि हो तीर्थंकर भाषित जो समाधि मार्ग है उसका सेवन नहीं करते; यदि उन्हें कोई अच्छी शिक्षा देवे तो उनकी निन्दा करते है, गुर्वाज्ञा विना अपने मनमाना हिंसा धर्म प्ररूपते हुए सुखो से जीवें ऐसा विचार के भ्रष्ट हुए, वे वाल, मन्द बुद्धि वाले, शुद्धाचार के पालने वाले साधुओं से द्वेषभाव रखके निन्दा करने मे तत्पर हैं अतः वे दुगुने मूर्ख हैं।

॥ दोहा ॥

वलि तिणहिज उद्देशे कह्यो, धर्म कहे आज्ञा बाहर।
प्राण जीव हिंसक तिका, असंयम अर्थी धार ॥१८५॥
अधर्मार्थी बाल ते, आरम्भार्थी जेह।
हने हनावे प्राणी ने, भलो जाणता तेह ॥१८६॥
दुक्खर धर्म जिनवर कह्यो, ते पालन समर्थ नाहिं।
तब तसु करे अवहेलना, तत्पर हिंसा माहिं ॥१८७॥
ते आज्ञा बाहिर थई, धर्म प्ररूपे एम।
जिन आज्ञा नहीं मानतो, भ्रष्ट किया निज नेम ॥१८८॥

॥ सूत्र पाठ ॥

अहमट्ठी तुमंसि णाम बाले आरंभट्ठी अणुवय माणे हण पाणे घायपाणे हण ओयावि समणु जाण माणे घोरे धम्मे उदीरिए उव हइणं अणाणाए एस विसएणे वितट्टे वियाहितेत्तिवेमि।

प्र० आचारंग सूत्रे षष्ठमध्ययने चतुर्थोद्देशे।

॥ भावार्थ ॥

संयम से भ्रष्ट हुए को सत्पुरुष इस तरह बोध देते हैं कि हे पुरुष तू प्राणियों की हिंसा करता है हिंसा का उपदेश देता है अतः तू हिंसा का चाहने वाला है अजान है अधर्म का अर्थी है। तीर्थङ्करों ने तो अहिंसा धर्म आराधना दुष्कर कहा है किन्तु तू आज्ञा बाहर होके आज्ञा बाहिर धर्म प्ररूपता है धर्म की उपेक्षा करता है इसलिये तू मन्द बुद्धि है।

॥ बोल तियालीसवां ॥

आज्ञा बाहिर धर्म कहसी तिण रा तप अने नियम भ्रष्ट कह्या, तिण ने मूर्ख कह्यो, संसार से पार पामतो नहीं कह्यो। सा० सू० आचारांग अध्ययन २ उद्देशो २।

॥ दोहा ॥

कहसी धर्म आज्ञा विना, तिणरा तप अरु नेम।
भ्रष्ट कह्या धुर अंग में, द्वितीय अध्ययने एम ॥१८६॥
दूजे उद्देशे देखल्यो, परिसह उपसर्ग माय।
आज्ञा बाहिर होयके, शिथिल थई मोह वर्ताय ॥१६०॥
कहे मैं अपरिग्रही अछूं, पिण भोग मिल्यां भोगाय।
तथा भोग मिलवा तणा, करत अनेक उपाय ॥१६१॥
ते भेष लजावे साधु नूं, सेवे काम विकार।
वार २ मोह में फंस्या, जे नहीं पामे पार ॥१६२॥

॥ सूत्र पाठ ॥

अणाणाए पुट्ठावि, णोणियट्टं ति मंदा मोहेण पाउडा, अपरिग्गहा भविस्सामो समुट्ठाए लद्धे कामे अभिगाहेंति, अणाणाए मुणिणो पडिलेहंति, एत्थं मोहे पुणो पुणो सएणा णो पाराए।

आचारांगे द्वितीयध्ययने द्वितीय उद्देशे।

॥ भावार्थ ॥

अज्ञानी मूर्ख जीव परीषह उपसर्ग आने से आज्ञा बाहिर होके

संयम से भ्रष्ट होते हैं, और कहते हैं हम अपरिग्रही है दीक्षा लेके मुनि का वेश लजाते हैं, काम भोग प्राप्त होने से अभिग्रहण करते हैं कामादि प्राप्त करने को उपाय करते रहते हैं इस तरह आज्ञा बाहिर धर्म कहने वाले जो हैं वे वार २ मोह में फंसे हुए संसार का पार नहीं पाते।

॥ बोल चमालीसवां ॥

आज्ञा बारे उद्यम, आज्ञा मांहि आलस्य, ए दो बोल मत होज्यो, यह कुशल पुरुष भगवान् की श्रद्धा छै। सा० सू० आचारांग अ० ५ उ० ६।

॥ दोहा ॥

कुशल पुरुष महावीर नी, यह श्रद्धा है सार ॥१९३॥
आज्ञा में उद्यम सदा, नहिं उद्यम आज्ञा बार।
उद्यम आज्ञा बाहिरे, आज्ञा में आलस्य।
यह दोनूं मत होयज्यो, इम भाख्यो कुशलस्य ॥१९४॥
धुर आचारांगे कह्यो, पंचम अध्ययने पेख।
छट्ठा उद्देशा विषे, जिन दर्शन इम लेख ॥१९५॥

॥ सूत्र पाठ ॥

अणाणाए एगे सोवट्ठाणे, आणाए एगे निरूवट्ठाणे।
एतं ते माहोउ, एयं कुसलस्स दंसणं ॥

आचाराङ्ग पंचम अध्ययने षष्ठमोद्देशे।

॥ भावार्थ ॥

कितनेक आज्ञा बाहिर विपरीत प्रवृत्ति में उद्यमी वर्त्तते हैं और कितने ही जिनाज्ञानुकूल प्रवृत्ति में निरुद्यमी होते हैं अतः यह दोनों

अर्थात् आज्ञा में आलस्य और आज्ञा वाहिर उद्यम कभी न होवे, यही कुशल पुरुष भगवान् महावीर का दर्शन है।

॥ बोल पैंतालीसवां ॥

प्रवचन से विरुद्ध प्ररूपने वाला ने भगवान निन्हव कह्यो। सा० सू० उववाई प्रश्न १६ वें।

॥ दोहा ॥

प्रवचन विरुद्ध प्ररूपणा करे ते निन्हव धार।
सूत्र उववाई मे कह्यो उन्नीसवां प्रश्न मझार ॥१६६॥
सप्त निन्हव प्रवचन तणा भाख्या श्री जगतार।
करता अशुद्ध प्ररूपणा श्रद्धा तास असार ॥१६७॥

॥ सूत्र पाठ ॥

इच्चे ते सत्त पवयण णिण्हका।

उववाई प्रश्न १६ वें।

॥ भावार्थ ॥

यह सातों प्रवचन के निन्हव हैं ॥ इति ॥

॥ बोल छयालीसवां ॥

राग द्वेष दोनूं पाप कह्या दोनां से न्यारा रहे सो संसार में नहीं रुलै। सा० सू० उत्तराध्ययन अ० ३१ वें गाथा ३ री।

॥ दोहा ॥

राग द्वेष दो पाप है, अवर्त्तें पाप मंझार ।
जे भिक्खू न्यारा रहै, ते न रूलै संसार ॥१९८॥
उत्तराध्ययने आखियो, इकतीसम अध्ययने जान ।
तीजी गाथा ने विषे, भाष्यो श्री भगवान ॥१९९॥

॥ सूत्र पाठ ॥

राग दोसे य दो पावे, पाव कम्म पवत्तणे ।
जे भिक्खू रुम्भये निच्चं, से न अच्छइ मण्डले ॥३॥

उत्तराध्ययन अ० ३१ वाँ ।

॥ भावार्थ ॥

राग द्वेष ये दोनों पाप है, पाप कर्म में ही प्रवर्त्तते हैं। अर्थात् किसी पै राग करने में भी पाप है और द्वेष करने में भी पाप है। इसलिये साधु राग द्वेष किसी पर भी न करें। वे संसार रूपी मंडल मे भ्रमण नहीं करते हैं।

॥ बोल सैंतालीसवां ॥

कोई इम कहै साता दियां साता होय, तिण ऊपर भगवान छव बोल प्ररूप्या—१ आर्य मार्ग से वेगलो, २ समाधि मार्ग से न्यारो, ३ जिन धर्म री हेलणा रो करणहार, ४ अमोक्ष रो कारण, ५ थोड़ा सुखां रे कारणे घणा सुखां रो हारणहार, ६ लोह

वाणिया नी परे घणो भूरसी । सा० सू० सूयगडांग अ० ३ उद्देशो ४ गाथा छठी ।

॥ दोहा ॥

साता दियां साता हुवे, इम को कहै अविचार ।
तिण ऊपर षट् बोलइम, भाख्या श्री जगतार ॥२००॥
शाक्यादिक इक एक जे, वा स्वतीर्थी जेह ।
परिषह थी डरता थका, ते जे इम भाखेह ॥२०१॥
साता सें साता हुवे, एम कहै जे कोय ।
ते आर्य मार्ग से वेगला, समाधि से अलगा होय ॥२०२॥
वलि हेलण हार जिन धर्म ना, ते अल्प सुखारे काज।
घणां सुखां ने हारता, अछे अमोक्ष रे काज ॥२०३॥
लोह वाणिया नी परे, घणा भूरसी जेह ।
साता दियां साता हुवे, जे कोई एम वदेह ॥२०४॥

॥ सूत्र पाठ ॥

इह मे गेउ भासति, सातं सातेण विज्जति ।
जे तत्थ आरिअं मग्गं, परंम च समाहिए ॥६॥
माएय अव मन्नंता, अप्पेणं लुपहा बहुं ।
एतस्स अमोक्खाए, अय हारिव्व जूरह ॥७॥

॥ भावार्थ ॥

यहां एक एक ऐसा कहते हैं, कि साता से साता होती है अर्थात् सुख देने से सुख होता है। ऐसा कहने वाले आर्य मार्ग से पृथक् हैं १,

परम समाधि का करने वाला जो जिन प्रणीत मार्ग है उससे दूर हैं २, जिन मार्ग की निन्दा करने वाले हैं ३, अल्प सुखों के लिये वहुत सुखों के हारने वाले हैं ४, अमोक्ष का कारण है ५, और वे लोह वणिक को तरह बहुत पछतावेंगे ६।

॥ सोरठा ॥

कोई कहै इम वाय रे, इहां मुनि निज तनु आश्रयी।
उपसर्ग थी डरता ताय रे, कहै साता दियां साता हुवे॥
तप लोचादि अनेक रे, करतां कष्ट हुवे घणो।
भूख तृषादि विशेष रे, सह न सकै तब इम कहै॥२०७॥
पिण अन्य अन्य ने देख रे, अनुकम्पा आणी करी।
भोजन वस्त्र सुविशेख रे, साता दिया साता हुवे॥२०८॥
इम निज मन अनुसार रे, सूत्र विरुद्ध जो को कहै।
तसु उत्तर अवधार रे, बुद्धिवन्त हिये विचारिये॥२०९॥
क्षुधा निवारण काम रे, आहार उदक मुनि आचरे।
वस्त्र कल्पनीक आम रे, पहिरे ओढे बावरे॥२१०॥
अथवा निज तनु नी सार रे, व्यावच्च करावे शिष्य कने।
देवे वस्त्र अरु आहार रे, अन्य मुनि नी वैयावच्च करे॥२११
एम अनेक प्रकार रे, साधर्मी साधू बनी।
करता सार सभार रे, नव लघु वृद्ध मुनिवर तणी॥२१२॥
ते साता अवधार रे, निरवद्य छे जिन आणा में।
करे करावे सार रे, दे आदेश अरु उपदिशे॥२१३॥

मुनि विन अपर शरीर रे, अधिकरण षट्काय नूं ।
तसु तीखो कियां शरीर रे, हिंसादिक कारज तणो ॥२१४॥
प्रथम उद्देशा मांहि रे, सप्तम शतके भगवती ।
सामायक में ताहि रे, श्रावक आतम अधिकरण ॥२१५॥
तो विन सामायक जेह रे, ग्रहस्थी तणो शरीर जे ।
ते अधिकरण कहेह रे, शस्त्र पृथ्व्यादि छहों तणो ॥२१६॥
तसु तीखो करे कोय रे, अव्रत सेवावि करी ।
तासु धर्म किम होय रे, इम सावद्य साता दियां ॥२१७॥
सेवे अव्रत पाप रे, प्रथम करण ग्रहस्थी तिको ।
देखो स्थिर चित्त थाप रे, दूजे करण सेवावियां ॥२१८॥
धर्म पुन्य किम थाय रे, फुन अनुमोद्यां तृतीय करण ।
हिये विचारो न्याय रे, जिन आज्ञा विन धर्म नहीं ॥२१९॥
षोडशमूं अनाचार रे, साता पूछ्यां ग्रहस्थ नी ।
दशवैकालिक अवधार रे, तीजे अध्ययने कह्यो ॥२२०॥
मुनि ग्रहस्थ नी जान रे, तिणहिज अध्ययनने विषे ।
वैयावच्च कियां पिछान रे, अनाचार अठबीसमूं ॥२२१॥
भूती कर्म करेह रे, ग्रहस्थ नी रक्षा निमित ।
प्रायश्चित आवेह रे, निशीथ उद्देशे तेरहवें ॥२२२॥
मार्ग बतायां दंड रे, सूत्र निशीथ मांहि कह्यो ।
बतावे औषधादि सुमंड रे, ग्रहस्थ ने तो प्रायश्चित ॥२२३॥
जीव संसार मझार रे, असाता बहु पावी रह्या ।

स्व स्वं कर्म अनुसार रे, इन्द्रिय विषय विकार थी ॥२२४॥
तसु सेवावे भोग उपभोग रे, खाणा पीणा आदि दे।
त्यांरो मिलायां जोग रे, दूजे करणे पाप है ॥२२५॥
निज खाणो पीणो जेह रे, श्रावक अव्रत में गिणे।
तो पर ने खवाव्यां तेह रे, किम धर्म श्रद्धे समकिती ॥
असंख्य एकेन्द्रिय जीव रे, मार असाता तसु करे।
पंचेन्द्रिय ने साता अतीव रे, कियां धर्म किण विध हुवे ॥
मोह अनुकम्पा आण रे, साता बंछे निज पर तणी।
ते सावद्य ही पिछाण रे, जिन आज्ञा नहीं तेह में ॥
उपदेशे त्याग कराय रे, घटावे अव्रत ग्रहस्थी नी।
तप चारित्र बढ़ाय रे, मुक्ति मार्ग साहलूं करे ॥२२९॥
चिहुंगति भ्रमण मिटाय रे, दुःख जन्म मरण मूंकाय दे।
आतम सुख प्रकटाय रे, निरवद्य साता इम हुवे ।२३०।
ते माटे इहां जोय रे, सावद्य साता जाणवी।
स्व परनी अवलोय रे, बंछ्या थी जिन धर्म नहीं ॥२३१॥
सांसारिक उपकार रे, सांसारिक नूं मार्ग है।
जिन धर्म नहीं लिगार रे, जिन आज्ञा बिन कार्य में ॥
तिण सूं कह्यो जिनराय रे, जे को इक इक इम बदे।
सुख दियां सुख थाय रे, ते आर्य मार्ग से वेगला ॥२३३॥
यावत् झूरसी तेह रे, लोह बाणिया नी परें।
सूत्रें जे भाषेह रे, तेह सत्य करि जाणवो ॥२३४॥

॥ बोल अड़तालीसवां ॥

साधू होकर अनुकम्पा रे वास्ते त्रस जीवां ने बांधे बंधावे बांधतां ने अनुमोदे, तथा अनुकम्पा करि बंध्या जीवां ने छोड़े छोड़ावे छोड़तां प्रते भलो जाणे तो चौमासी प्रायश्चित । सा० सू० निशीथ उ० १२-वें, बोल १ तथा २ रे ।

॥ दोहा ॥

मुनि अनुकम्पा आण कर, तस जीवां ने जोय ।
तृणादिक पाशे करी, बांधे बंधावे कोय ॥२३५॥
अथवा बंधिया देख कर, छोड़े छोड़ावे तास ।
बांध्यां छोड्यां भलो जाणियां, प्रायश्चित चौमास ॥२३६॥
निशीथ उद्देशे बारमे, पहले दूजे बोल ।
यह करुणा आज्ञा बाहर है, आंख हिया री खोल ॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू कोलुण पडियाए, अण्णारियं तस पाण जायं ।
तण फासएणवा मुंज पासएणवा, चम्म पासएणवा रज्जु ॥
पासएणवा सुत्त पासएणवा, बंधइ बंध त वा साइज्जइ ॥१॥
जे भिक्खू बंधेल्लयं वा, मुयइ मुयं तं वा साइज्जइ ॥२॥

निशीथ उद्देशे बारहवें ।

॥ भावार्थ ॥

जो साधु अनुकम्पा के लिये अन्य त्रस प्राणियों की जाति अर्थात् त्रस जीवों को घास की डोरी से, चमड़े की डोरी से, रज्जव की डोरी से, इत्यादिक डोरियों से, बाँधे बँधावे बाँधते को अनुमोदे तो चौमासी प्रायश्चित्त ॥ १ ॥ ऐसे ही बँधे हुवे त्रस जीवों को देख अनुकम्पा करके छोड़े छोड़ावे और अनुमोदे तो चौमासिक प्रायश्चित्त ॥ २ ॥

॥ सोरठा ॥

शब्द अर्थ अछ जेह रे, ते केइक इहां इम कहै ।
कोलुण दीन भावेह रे, बांध्या छोड्यां दंड है ॥२३८॥
ततोत्तर विज्ञ कह्यो एथ रे, दीन भाव इहां स्यूं हुवे ।
त्रस प्रति बांध्या तेथ रे, गरीब भाव होवे किण तणो ॥
मुनिवर दीनज होय रे, त्रस बांधे किण कारणे ।
कदा दीन त्रस जोय रे, तो साधू अनुकम्प करि ॥२४०॥
तथा बंधिया प्रति देख रे, दीन पणो मुनि स्यूं करै ।
जो दीन अनुकम्पा लेख रे, सावद्य तिण सूं प्रायश्चित कह्यो
न्याय दृष्टि अवलोय रे, लघु चूर्णि जिन दास कृत ।
तिहां कोलुण शब्दे जोय रे, कोलुणं अनुकम्प अर्थ ।२४२।

॥ जिनदास आचार्यकृत लघुचूर्णिका पाठ ॥

भिक्खू पुव्व भणिओ कोलुणंति-कारुण्यं अनुकम्पा प्रतिज्ञाय। इत्यर्थः ।

॥ सोरठा ॥

जो कहे कौतुहल काज रे, कोलुण शब्द तणो अरथ ।
तो कोऊल कौतुहल वाज रे, तेह पाठ न्यारो अछे ।२४३।
सप्तदशम उद्देश रे, निशीथ सूत्र में देखिये ।
वांधे वा छोड़ेश रे कोऊल वड़ियाए तिहां शब्द है ॥
तिहां कौतुहल निमित्त रे, मुनि त्रस प्राणी देख कर ।
वांधे छोड़े इत्तरे, तो प्रायश्चित है मुनि भणी ॥२४५॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू कोऊल वडियाए अराणयां तस पाणजाति तसा पास-रागनो जाव सुत्त पासरणना वंधति वंधं तं वा साइज्जइ ॥१॥ जे भिक्खू कोऊल वडियाए वंधेल्लयं वा मुयति मुयं तं वा साइज्जइ ॥२॥

निशीथ उ० १७ वें ।

॥ भावार्थ ॥

जो साधु, कौतुहल निमित्त अन्य त्रस प्राणियों को घास की डोरी से यावत् सूत की डोरी से बाँधे बँधावे बाँधते को अनुमोदे तो प्राय-श्चित ॥१॥ जो साधु कौतुहल के निमित्त अन्य त्रस प्राणियो को छोड़े छोड़ावे छोड़ते को अच्छा जाने तो प्रायश्चित ॥ २ ॥

॥ सोरठा ॥

कौतुहल काज मुनिराज रे, वांध्यां छोड़्यां त्रस प्रति ।
दंड कह्यो जिनराज रे, सतरहवें उद्देश निशीथ में ॥
बारमा उद्देश मझार रे, कोलुण ते अनुकम्पा करि ।

बांध्यां खोल्यां दंड धार रे, त्रस जीवां प्रते, आखियो ॥
इम बिहुं स्थाने जोय रे, पाठ शब्द छै जूजुआ ।
कोलुण अनुकम्प होय रे, कोऊल ते कौतुहल कह्यो ॥
त्रस जीवां रे मांहि रे, मनुष्य तिर्यञ्च सहु आविया ।
तसु अनुकम्पा ल्याहि रे, बांधे खोले मुनि तदा ॥२४९॥
प्रायश्चित्त कह्यो तिहिवार रे, सूत्र वचन ते सत्य है ।
ग्रहस्थ नी सार संभार रे, सावद्य जाण मुनि नहीं करे।
ग्रहस्थ तणों जे काम रे, ते करवूं कल्पे नहीं ।
कह्या अकल्पनीक ठाम रे, पाम्या ग्रहस्थअनुकम्प करि ॥
तैलादि मर्द्दन करेह रे, मुनि तनु शान्ति पमायवे ।
यह दोष उपजेह रे, द्वितीय श्रुत स्कन्धे धुर अंगे ॥२५२॥
तिहां पिण कोलुण ही शब्द रे, तसु अनुकम्पा अर्थ छै।
एम इहां पिण लब्द रे, कह्यो कोलुण शब्द सारखो ॥
तथा आजीविका निमित्त रे, अर्थ करे कोलुण तणो ।
ते पिण है विपरीत रे, इहां मुनि ने कांई आजीविका॥
किहां ही न सूत्र विषेह रे, कोलुण ते आजीविका ।
जे सूत्रार्थ न जाणेह रे, ते मन कल्पित अर्थ करे ॥२५५॥
वलि कहै इम वाय रे, अनुकम्प सावद्य न हुवे ।
निर्वद्य ही कहिवाय रे, तलोत्तर न्याय विचारिये ॥२५६॥
अनुकम्पा रे काज रे, देवकी नां षट् सुत प्रते।
सुलसां घरे समाज रे, मेल्या हरण गवेषि सुर ॥२५७॥

अनुकम्पा चित्त आण रे, डोहलो पूर्ण कियो देवता ।
ज्ञाता सूत्र वखाण रे, अभय कुमार तणो तदा ॥२५८॥
श्रीकृष्ण ईंट उपार रे, मेली वृद्ध तणे घरे ।
अंतगढ़ सूत्र मझार रे, अनुकम्पा करि तेहनी ॥२५९॥
भोग प्रार्थना कीध रे, रयणा देवी जिन ऋषि प्रते ।
ते अनुकम्पा करी प्रसिद्ध रे, ज्ञाता नवमाध्ययन में ॥
इत्यादिक बहु ठाम रे, अनुकम्पा करीने बहु ।
कीधा सावद्य काम रे, ते सावद्य अनुकम्प इम ॥२६१॥
सांसारिक उपकार रे, तेह थी मुनि न्यारा थया ।
श्री जिन आज्ञा बार रे, कार्य कियां प्रायश्चित हुवे ।२६२।
तेम इहां अवलोय रे, अनुकम्पा अर्थे मुनि ।
त्रस बांधे छूकि कोय रे, तो चौमासी प्रायश्चित ॥२६३॥

॥ बोल उनचासवां ॥

मोक्ष रो मार्ग जाणे नहीं तिण ने श्री भगवान् री आज्ञा रो लाभ नहीं । सा० सू० प्रथम आचारांग अ० ९ उ० ४ ।

॥ दोहा ॥

मोक्ष मार्ग जाणे नहीं, प्रथम आचारांग मांहि ।
लाभ नहीं जिन आण ने, तूर्य अध्ययने ताहि ॥२६४॥

उद्देशा चौथा विषे, भाख्यो श्री जिनराय।
मोक्षाभिलाषी वीर ने, मार्ग विकट कहिवाय ॥२६५॥
तिण सुं तप थी निज तनु, लोही मांस सुकाय।
ब्रह्मचर्य बसवें करी, माननीय कहवाय ॥२६६॥
प्रथम इन्द्रियां वश करी, पिण मोह उदय ते बाल।
विषयासक्त होवा थकी, न सके बंधन टाल ॥२६७॥
वलि प्रपंच करे घणो, एहवो पुरुष अयाण।
मोह तिमिर में वर्त्त तो, किम पामे जिण आण ॥२६८॥

॥ सूत्र पाठ ॥

दुरणु चरो मग्गो, वीराण अणियट्ट गामीणं, विगिं च मंस सोणिय एस पुरिसे दवीए वीरे जायाणिज्जे वियाहिए जे धुणाति समु-स्सयं वसिता वंभचेरमि, णेत्तेहिं पलिछन्नेहिं आयाण सोय गढिए वाले अवोच्छिन्न बंधणे अणभिकंत संजोए। तमंसि अविजाण ओ आणाए लंभो णत्थि त्तिबेमि।

श्री आचारांग सूत्रे प्रथम श्रुत स्कन्धे चतुर्थ अध्ययने।

॥ भावार्थ ॥

मुक्ति पाने वाले वीर पुरुषों का मार्ग बहुत ही कठिन है। इसलिये हे मुनि! तपश्चर्यादि करके माँस रक्त को शुष्क कर। जो पुरुष सदैव ब्रह्मचर्य पूर्वक रह कर, तप से शरीर को दमते हैं वे मोक्ष प्राप्त करने वाले वीर पुरुष माननीय होते हैं। और जो पुरुष शुरूआत में कदाचित् इन्द्रियों को वस करके वर्ते हैं और पीछे मोहके जोश में आके विषयों में आसक्त हो गये है ऐसे बाल (अज्ञानी) पुरुष किसी बन्धन से नही

छूटते और प्रपञ्च रहित नही होते । अतः ऐसे अजान पुरुष को मोह मय अन्धकार में वर्त्तते हुए, भगवान की आज्ञा का लाभ नहीं होता है ।

॥ बोल पचासवां ॥

ब्राह्मण ने जिमायां तमतमा कही । सा० सू० उ० अ० १४ गाथा १२ ।

॥ दोहा ॥

विप्र जिमायां तमतमा, कह्यो भृगु ना पुत्र ।
उत्तराध्ययनै चवदमें, गाथा बारमी सूत्र ॥२६९॥
वेद भण्या नहीं त्राण शरण, नहीं आतम उद्धार ।
भोजन जिमायां तमतमा, पहोंचे नरक मझार ॥२७०॥
सुत जायां नहीं शिव गति, ते माटे अवधार ।
ग्रहस्थाश्रम नहीं रहां हमें, लेस्या संयम भार ॥२७१॥

॥ सूत्र पाठ ॥

वेया अहिया न भवंति ताणं, भुत्ता दिया निंति तमं तमेणं ।
जाया य पुत्ता न हवंति ताणं, को णाम ते अणु मन्नेज एयं ॥१२॥

उत्तराध्ययने अ० १४ ।

॥ भावार्थ ॥

वेद पढ़ने से ही त्राण शरण नहीं होता, भोजन देने से तमस्तमा में जाते हैं और पुत्रादि होने से संसार समुद्र नही तिरते, अतः अहो तातजी तुमारे वचनो को कैसे स्वीकारे ।

॥ सोरठा ॥

इहां कोई युक्ति लगाय रे, कहै भृगु सुत तो ग्रहस्थ छा।
तसु वच किम मनाय रे, वा तमतमा मिथ्यात हुवे ॥२७२॥
तसु उत्तर सुविचार रे, न्याय दृष्टि अवलोकिये।
इग्यारहवीं गाथा मझार रे, भगवन् गणधर इम कह्यो॥
बोले बचन विमास रे, तूर्य पदे इम आखियो।
तो मिथ्या वच किम तास रे, गणधर तास सरावियो॥
सांचो सुत वच मान रे, भृगु पिण संयम लियो।
जिन मत सांचो जान रे, निज मत खोटो श्रद्धियो ॥२७५॥
कहै हुवे मिथ्यात् रे, धर्म श्रद्धी जिमावियां।
ते लेखे पिण थात रे, पाप बन्ध भोजन दियां ॥२७६॥
अवचूरी रे मझार रे, अन्धकारे अन्धकार छै।
रौरवादि नरक विस्तार रे, तमतमा नूं अर्थ इम ॥२७७॥

॥ बोल इकावनवां ॥

भोजिता द्विजा विप्रा नयन्ति तम सोपियत्त मस्तस्मिन् रौद्रे रौरवादिके नरकेणं वाक्यालंकारे।

॥ सोरठा ॥

तथा सुयगडाअङ्ग मझार रे, आर्द्र मुनि पिण इम कह्यो।
द्वितीय श्रुतस्कन्धे धार रे, अध्ययन छट्ठा ने विषे ॥२७८॥

स्नातक दोय हजार रे, विषयाशक्त विप्रां प्रते ।
जावे नरक मझार रे, भोजन जिमायां इम कह्यो ॥२७९॥
मांस लोलुपी जेह रे, एकान्त अर्थी खाण रा ।
घर २ भमता तेह रे. पेट भराई कारणे ॥२८०॥
ब्रह्म क्रिया न पालेह रे, हिंसा धर्म प्रशंसता ।
वलि निषेधना ते करेह रे, प्रधान दया धर्म तेहनी ॥२८१॥
हीनाचारी एक रे, एहवा प्रते जे जीमावतां ।
जावे नरक मंझार रे, सुरावतार जिहां ही रह्यो ॥२८२॥

॥ सूत्र पाठ ॥

सिणाय गाणं तुओ वे सहस्से, जे भोयए णित्तिए कुलाल याणं ।
से गच्छइ लोलुपा संपगाढे, तिव्वा भितावी णरगाहि सेवी ॥४४॥
दयावरं धम्म उगंछ माणे, वहावहं धम्म पसंस माणे ।
एगंपि जे भोय अयइ असीलं णिवोणि संजाइ क ओ सुरेहिं ॥४५॥

सूत्र कृतांगे द्वि० श्रुत० षष्टमध्ययने ।

॥ भावार्थ ॥

आर्द्र कुमार मुनि को ब्राह्मणों ने कहा कि दो हजार विप्रों को जिमाने से पुण्य का स्कन्ध उपार्ज्जन करके देवता होता है। तब आर्द्र कुमार मुनि ने उत्तर दिया कि जो दो हजार स्नातक आमिष्यार्थी ब्रह्मचर्यक्रिया रहित घर २ मे भिक्षा माँगने वाले कुपात्र ब्राह्मणों को जिमाने से महा तीव्र वेदना वाली नरक में जाते हैं। क्योंकि जो प्रधान दया धर्म है उसकी तो वे निन्दा करते हैं और हिंसा धर्म की प्रशंसा करते हैं ऐसे एक को भी भोजन कराने से सुरगति तो जहाँ ही रही परन्तु नरक गति प्राप्त होती है।

॥ बोल बावनवां ॥

साधु रे सर्व थकी अठारह पाप रा त्याग छै पिण देश थकी नहीं । सा० सू० उववाई प्र० २१ वें ।

॥ दोहा ॥

सर्व प्रकारे त्यागिया, पाप अठारह जान ।
उववाई प्रश्न इकीसवें, साधु महा गुणखान ॥२८३॥
ग्रामागर अरु नगर में, यावत् सन्निवेश ।
इक २ मनु एहवा अछे, सांभलजो सुविशेष ॥२८४॥
अणारंभ अपरिग्रही, धार्मिक धर्म इष्ट ।
यावत् धर्म नी वृत्ति कल्प, सुशील सुव्रती शिष्ट ॥२८५॥
आनन्दकारी मुनि तिका, सर्व प्राणातिपात ।
यावत् सर्व परिग्रह थकी, निवृत तेह सुजात ॥२८६॥
क्रोध मान माया अरु, लोभ थकी मुनि तेह ।
जाव मिथ्या दर्शन शल्य थी, प्रति विरत्या छै तेह ॥
सब आरम्भ समारम्भ वलि, करण करावण जाण ।
पचन पचावन तेहना, सर्वथा किया पच्चखान ॥२८८॥
कूटण पीटण तर्जना, ताडन बध अने बंध ।
परि क्लेशें थी निवृत थया, छोड़ दिया सर्व धन्ध ॥२८९॥
सर्व थकी न्हावा तणा, वलि मर्द्दन पीठी जान ।
तैल विलेपन आदि ना, छै त्यांरे पच्चक्खाण ॥२९०॥

शब्द स्पर्श रस रूप गन्ध, माला ने अलंकार ।
सर्व प्रकारे छांडिया, सावद्य योग व्यापार ॥२८१॥
कष्ट परिताप पर प्राणि ने, होवे जेह उपाय ।
यावज्जीव निवर्त्या तेह थी, ते अणगार कहाय ॥२८२॥
इरिया भाषा समिति युत, निर्ग्रन्थ वचनज तंत ।
तसु आगे करके मुनि, विचरे महा गुणवन्त ॥२८३॥

॥ सूत्र पाठ ॥

से जे इमे गामागर नगर जाव सन्निवेसेसु मणुया भवन्ति तंजहा— अणारम्भा, अपरिग्गहा, धम्मिया, धम्मिट्ठा, जाव धम्मेणं चेव वित्ति कप्पे माणा, सुसीला सुव्वया सु पडियाणं दा, सव्वा ओ पाणाइवाया ओ पडि विरया, जाव सव्वा ओ परिग्गहा ओ पडि विरया सव्वा ओ कोहा ओ माणा ओ माया ओ लोहा ओ मिच्छा दंसण सल्ला ओ पडि विरया, सव्वा ओ आरम्भ समारम्भा ओ पडि विरया, सव्वा ओ करण करावण ओ पडि विरया, सव्वा ओ पयण पयावणा ओ पडि विरया, सव्वा ओ कोट्टण पीट्टण तज्जण ताडणं वह बंध परि किलेसा ओ पडि विरया, सव्वा ओ ण्हाणं मद्दण वण्णक विलेवन सद्द फरिस रस रूवं गंध मल्ला लंकारातो पडि विरया, जे पावरणे तहप्पगारे सावज्ज जोगो वहिया कम्मंता पर पाण परियावणा करा कज्जंति तत्तोवि पडि विरया, जावज्जीवाए, से जहा नामए अणगारा भवंति, इरिया समिया भासा समिया जाव इण मेव णिग्गंथ पावयणं पुराओ काओ विहरंति ।

उववाई प्रश्न २१ वाँ ।

॥ भावार्थ ॥

वे जो ग्राम आगर नगर यावत् सन्निवेश में मनुष्य होते हैं तद्यथाः— सर्वथा छवों ही कायों के आरंभ रहित, सर्वथा मृषावाद रहित, सर्वथा अदत्त रहित, सर्वथा मैथुन रहित, सर्वथा धातु मात्र परिग्रह रहित होते हैं, जिन्हों को धर्म ही इष्ट है यावत् धर्म की ही वृत्ति कल्पते हुए विचरते हैं, वे सुशील शुद्धाचारी सुव्रती अच्छा कार्य कर आनन्द मानने वाले सर्व प्रकार तीन करण तीन योग से प्राणातिपात से निवृत्त हुए यावत् परिग्रह निवृत्त हुए तैसे ही सर्व प्रकार से क्रोध मान माया लोभ यावत् मिथ्या दर्शन शल्य से निवृत्त हुए; सब तरह आरम्भ समारम्भ से निवृत हुए एवं पचन पचावनादि क्रिया से निवृत्त हुए सब तरह से कूटन पीटन तर्जन ताड़न वध बन्धन क्लेश से निवृत्त हुए एवं सब तरह से स्नान, पीठो मर्द्दन, तिलकादि विलेपन से निवृत्ते, शब्द स्पर्श रूप गन्ध माला अलंकार आदि से सर्वतः निवृत्त हुये और भी सावद्य काम योगोपाधि कर्म से अन्य प्राणी को परिताप होय ऐसे कार्य्य से यावज्जीव पर्य्यंत सर्वथा निवृत्त हुये वे अणगार यानी साधू होते हैं, वे ईर्या समितिवन्त भाषा समितिवन्त यावत् जिन प्रणीत निग्रन्थ प्रवचन को आगे कर उनके अनुगामी बने विचरते हैं।

॥ बोल बावनवां ॥

साधु रा भंड उपकरण परिग्रह में कह्या नहीं मूर्च्छा राखे तो परिग्रह लागे इम कह्यो। सा० सू० दशवैकालिक अ० ६ गाथा २१ वीं।

॥ दोहा ॥

बस्त्र पात्र ने कम्बलं, पाय पूछणा आदि।
संयम् लज्जा अर्थ मुनि, धारे तज असमाधि ॥२९४॥

ते परिग्रह मांहि नहीं, भण्यो ज्ञात पुत्र महावीर ।
मूर्च्छा थी परिग्रह कह्यो, महा ऋषि गुण धीर ॥२९५॥
दशवैकालिक देख लो, छट्ठा अध्ययन मझार ।
इकवीसमी गाथा मझे, भाख्यो श्री जगतार ॥२९६॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जं पि वत्थं व पायं वा, कंबलं पाय पुच्छणं ।

तं पि संजम लज्जट्ठा, धारंति परि हरंति य ॥२०॥

न सो परिग्गहो वुत्तो, नाय पुत्तेण ताइणा ।

मुच्छा परिग्गहो वुत्तो इअ वुत्तं महेसिणा ॥२१॥

दशवैकालिक अ० ६ गा० २१

॥ भावार्थ ॥

जो वस्त्र वा पात्र कम्बल पाय पूछना आदि संयम् लज्जार्थ रखे सो परिग्रह में नहीं श्री ज्ञातपुत्र महावीर स्वामी ने कहा है यदि उन पै मूर्च्छित भाव लावे तो परिग्रह में है ऐसा महर्षियों ने कहा है ।

॥ बोल तिरेपनवां ॥

साधु रे नव कोटी पच्चखाण कह्या । सा० सू० दशवैकालिक अ० ४ ।

॥ दोहा ॥

त्रिविध २ नव कोटी से, साधु रे पच्चखाण ।
दशवैकालिक में कह्यो, चतुर्थ अध्ययने जान ॥२९७॥

छड् जीव निकायें प्रते, हणे हणावे नांहि ।
अनुमोदे न हणतां प्रति, मन वच काया ताहि ॥२६८॥

॥ सूत्र पाठ ॥

इच्छेहिं छएहं जीव निकायाणं नेव सयं दंडं समारम्भेज्जा नेवन्नेंहिं दण्डं समारम्भेज्जा, दण्डं समारं भंते वि अन्नेन समणु जाणेज्जा जाव-ज्जीवाए तिविहेणं २ मणेणं वायाए कायेणं न करेमि न कारवेमि करं तं पि अन्नं न समणु ज्जाणामि ।

दशवैकालिक अध्ययन ४ था ।

॥ भावार्थ ॥

इन षड् जीव निकायों का स्वयं आरम्भ करे नहीं अन्य से आरम्भ करावे नहीं और करने वाले को अच्छा जाने नहीं मन वचन काया से यावज्जीव पर्यंत वैसा करे नहीं अन्य से करावे नहीं करते को अच्छा जाने नहीं इस तरह नव कोटी पच्छखान है ।

॥ बोल चौपनवां ॥

आचारज नी आज्ञा बिना आहार करे करता ने भलो जाणे तो प्रायश्चित कह्यो । सा० सू० निशीथ उ० ४ बोल २२ वां ।

॥ दोहा ॥

आचार्य नी आज्ञा बिना, अरु बिन दीधां आहार ।
जे साधु जो भोगवे, प्रायश्चित तसु धार ॥२६९॥

इम कह्यो सूत्र निशीथ में, चौथे उद्देशे मझार ।
गुरु आज्ञा बिन भोगव्यां, भाख्यो दंड उदार ॥२००॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू आयरिय अदित आहारं आहारंतंवा साइज्जइ ।

निशीथ उद्देशा ४ बोल २२ वाँ ।

॥ भावार्थ ॥

जो साधु आचार्य के विना दिये चारों प्रकार का आहार करे करते को भला जाने तो प्रायश्चित ।

॥ बोल पचपनवां ॥

पुन्य पाप से जीव ने पचतो दीठो कह्यो । सा० सू० उतराध्ययन अ० १० गाथा १५ वीं ।

॥ दोहा ॥

पुन्य पाप सें जीव ने, पचतो देख्यो सोय ।
दशमें उत्तराध्ययन में, पनरमी गाथा जोय ॥२०१॥
भव संसारे संसरइ, शुभाशुभ कर्म प्रभाव ।
प्रमाद बहोल पणे करइ, न जाणे तिरण रो दाव ॥२०२॥

॥ सूत्र पाठ ॥

एवं भव संसारे, ससरइ सुहा सुहेहि कम्मेहि ।
जीओ पमाय बहुलो, समयं गोयम मा पमाय ए ॥

उत्तराध्ययने १० वें ।

॥ भावार्थ ॥

ऐसे भव संसार में प्रमादी जीव शुभाशुभ कर्म करके परिभ्रमण करता है। इसलिये हे गौतम! समय मात्र भी प्रमाद मत कर।

॥ बोल छप्पनवां ॥

पुन्य पाप ने खपावणा कह्या। सा० सू० उत्त० अ० २१ वें गाथा २४ वीं।

॥ दोहा ॥

पुन्य पाप बेहूं भणी, खपावणा सुविशाल।
उत्तराध्ययने इकबीसमें, चोबीसमी गाथा न्हाल ॥२०३॥
द्विविध खपायां शीघ्र तें, पुन्य पाप असराल।
अपुनरागम गति लही, भवाब्धि तर्यो समुद्रपाल ॥२०४॥

॥ सूत्र पाठ ॥

दुविहं खवे ऊण पुराणा पावं निरंगणे सव्वाओ विप्पमुक्के।
तरित्ता समुद्दं व महाभवोघं, समुद्द पाले अपुणागमं गए तिवेमि॥

उ० अध्य० २१ वें गा० २४ वीं।

॥ भावार्थ ॥

पुन्य पाप दोनों का क्षय कर शैलेसी अवस्था को प्राप्त हो महा प्रभाविक भव समुद्र है उसे तैर कर पुनः वापिस न आना पड़े ऐसी जो सिद्ध गति है सो समुद्रपाल मुनि प्राप्त हुये।

॥ बोल सतावनवां ॥

उसन्ना पासत्था अर्थात् ढीला शिथिलाचारी ने वन्दना करे प्रशंसा करे करावे करता ने भलो जाणे तो प्रायश्चित कह्यो । सा० सू० निशीथ उद्देश १३ बोल ४२-४३-४४-४५ ।

॥ दोहा ॥

जे मुनि पासत्था प्रते, वन्दना करे कराय ।
करतां ने भलो जाणियां, चौमासी प्रायस्चित आय ॥२०५॥
दोषी मूल उत्तर गुणे, ते उसन्ना कहवाय ।
तेहने पिण वांद्या थकां, इमहिज दंड सुमाय ॥२०६॥
वलि पासत्था उसन्नातणो, करे प्रशंसा कोय ।
प्रायस्चित चौमासी तसु, निशीथ तेरहवें जोय ॥२०७॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू पासत्थं वंदइ वदंतं वा साइज्जइ ॥ ४२ ॥

जे भिक्खू पासत्थं पसंसंति, पसंसं तं वा साइज्जइ ॥ ४३ ॥

जे भिक्खू उसण्णं वंदइ वंदतं वा साइज्जइ ॥ ४४ ॥

जे भिक्खू उसण्णं पसंसेइ पसंसं तं वा साइज्जइ ॥ ४५ ॥

निशीथ उ० १३ ।

॥ भावार्थ ॥

जो भिक्षु पासत्था अर्थात् शिथिलाचारी को वन्दे वन्दावे अनुमोदे तो प्रायश्चित ॥४२॥ जो भिक्षु शिथिलाचारी की प्रशंसा करे करावे अनु-

मोदे तो प्रायश्चित ॥४३॥ जो भिक्षु उसन्ना यानी मूल उत्तर गुणों में दोष लगाने वाले को वन्दे वन्दावे अनुमोदे तो प्रायश्चित ॥४४॥ जो भिक्षु उसन्ना की प्रशंसा करे करावे अनुमोदे तो प्रायश्चित ॥४५॥

॥ बोल अठावनवां ॥

जो साधु ग्रहस्थ की औषधि करे करावे करतां प्रते अनुमोदे तो प्रायश्चित । सा० सू० निशीथ उ० १२ वें बोल १७ वूं ।

॥ दोहा ॥

ग्रहस्थ नी औषध करे, जो साधु मुनिराय ।
निशीथ उद्देशे बारहवें, दंड कह्यो जिनराय ॥२०८॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू गिहि तिगिच्छं करेइ करं तं वा साइज्जइ ॥१७॥

॥ भावार्थ ॥

जो साधु ग्रहस्थ की औषध करे करावे करते को अनुमोदे तो प्रायश्चित ।

॥ बोल उणसठवां ॥

सामायक दो कही १ आगार सामायक २ अणागार सामायक । सा० सू० ठाणांग ठाणे २ उ० ३ रा ।

॥ दोहा ॥

सामायक दो विध कही, आगार अने अणागार।
स्थानांग ठाणे दूसरे, तीजा उद्देशा मझार ॥२०९॥
आगार सामायक गृहस्थ रे, करे आगार सहित्त।
अणागार अणगार रे, ते आगार रहित्त ॥२१०॥

॥ सूत्र पाठ ॥

दुविहे सामाइए पण्णत्ते तंजहा—आगार सामाइए चेव अणा-गार सामाइए चेव।

स्थानांगे द्वितीय स्थाने।

॥ भावार्थ ॥

दो प्रकार की सामायिक कही तद्यथाः—आगार सामायिक अर्थात् ग्रहस्थ श्रावक के मुहूर्त्तादिक की मर्याद सहित सामायिक। दूसरी अणागार सामायिक यानी साधु के जो महाव्रत रूप यावज्जीवन पर्यन्त है सो आगार रहित।

॥ बोल साठवां ॥

चारित्र दोय कह्या—१ आगार चारित्र, २ अणा-गार चारित्र। सा० सू० स्थानांग ठाणे २ उ० १।

॥ दोहा ॥

चारित्र धर्म द्विविध कह्यो, आगार अणगार जाण।
स्थानांग ठाणे दूसरे, पहले उद्देशे पिछाण ॥२११॥

॥ सूत्र पाठ ॥

चरित्त धम्मे दुविहे पण्णते तं जहा:—आगार चरित्त धम्मे चेव, अणागार चरित्त धम्मे चेव ।

सू० स्थानाङ्ग द्वितीयं स्थाने ।

॥ भावार्थ ॥

चारित्र धर्म के दो भेद प्ररूपे तद्यथा:—आगार चारित्र धर्म सो ग्रहस्थ सम्यक्त्व सहित स्थूलपने व्रत आदरे। अणागार चारित्र धर्म सो ग्रहस्थाश्रम का सर्वथा त्याग कर पंच महाव्रत आदरे ।

॥ बोल इकसठवां ॥

धर्म दोय कह्या—श्रुत धर्म १, चारित्र धर्म २ सा० सू० ठाणाङ्ग ठा० २ उ० १ ।

॥ दोहा ॥

दोय धर्म जिन आखिया, श्रुत चारित्र उदार ।
श्रुत ते आगम जिन कथित, चारित्र ते व्रत धार ॥२१२॥
स्थानांग स्थाने दूसरे, प्रथमा उद्देश मझार ।
बोल पच्चीसमां ने विषे, कह्यो धर्म विस्तार ॥२१३॥

॥ सूत्र पाठ ॥

' दुविहे पं० तं० सुअधम्मे चेवं चरित्त धम्मे चेव' ।

ठाणाङ्ग ठा० २ ।

॥ भावार्थ ॥

दुर्गति में पड़ते हुये को धार रक्खे वह धर्म दो प्रकार का कहा—श्रुत धर्म द्वादशाँग रूप १, चारित्र धर्म पंच महाव्रत रूप २ ।

॥ बोल बासठवां ॥

कर्म खपावा री करणी दोय केही—संयम, और तप। सा० सू० उत्तराध्ययन अ० २८ वें गाथा ३६ वीं

॥ दोहा ॥

करणी कर्म खपायवा, दोय कही जिनराय।
उत्तराध्ययन अठवीसमें, छत्तीसवीं गाथा ताय ॥३-१४॥
पूर्व संचित कर्म ते, तप संयम थी खपाय।
छीन कारण सब दुःख तणों, महा ऋषि करणी कराय॥

॥ सूत्र पाठ ॥

खवेत्ता पुव्व कम्माइं, संजमेण तवेणय।
सव्व दुक्ख पहीणट्ठा, पक्कमति महेसिणो त्तिवेमि ॥३६॥

उत्तराध्ययन अ० २८ वाँ।

॥ भावार्थ ॥

सतरे प्रकार संयम से और बारे प्रकार तप से पूर्व संचित कर्मों को क्षय करे और जन्म जरा मृत्यु रूप सर्व दुःखों से रहितार्थ महा ऋषि करणी करे।

॥ बोल तरेसठवां ॥

मार्ग दोय कह्या—भगवान रो प्ररूप्यो मार्ग १, और पाखंडिया रो प्ररूप्यो मार्ग २। सा० सू० उ० अ० ३३ वें गा० ६३ वीं।

॥ दोहा ॥

दोय मार्ग हैं जगति में, इक पाषंडि कहाय।
द्वितीय मार्ग है जिन कथित, तेह परम सुखदाय।२१५।
उत्तराध्ययन तेवीसवें, केशी श्रमण पूछंत।
तब गोयम इह विधि कह्यो, ते सुणिजो धरि खंत॥२१६॥
कुप्रवचन पाषंडी नां, सर्व उन्मार्ग गछंत।
सन्मार्ग जे जिन कह्यो, उत्तम मार्ग ते तंत॥२१७॥

॥ सूत्र पाठ ॥

कु पवयण पासंडी, सव्वे उम्मग्ग पट्ठिया।
सम्मग्गं तु जिणक्खायं, एसमग्गे हि उत्तमे॥ ६३॥

॥ भावार्थ ॥

कुप्रवचन है सो पाषंडियों का कहा हुआ उन्मार्ग है उसमें जाने वाले सर्व कुमार्ग जा रहे हैं और जो जिनेश्वरों का कहा हुआ है सो सन्मार्ग है सोही उत्तम अर्थात् श्रेष्ठ है।

॥ बोल चौसठवां ॥

संवर गुण अने आस्रव गुण जुदा २ कह्या।
सा० सू० प्र० आचाराङ्ग अ० ४ उ० २।

॥ दोहा ॥

संवर गुण न्यारो कह्यो, आस्रव गुण कह्यो न्यार।
प्रथम आचारांग चतुर्थ वें, बुद्धिवंत करो विचार॥२१८॥

जेह आस्रव द्वार छे, ते रोक्यां संवर थाय ।
खोल्यां आस्रव होत है, इम गुण अलग कहाय ॥३१९॥
कर्म वंधनां हेतु ते, प्रवर्त्यां आस्रव होय ।
तसु त्याग कियां संवर हुवे, इम जुदा २ गुण जोय ॥३२०॥
आस्रव नूं अणास्रव हुवे, अणास्रव नूं आस्रव ।
प्रणमे जिण २ भाव में, पृथक २ गुण सर्व्व ॥३२१॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे आसवा ते परिसव्वा, जे परिसव्वा ते आसवा, जे अणासव्वा ते अपरिसव्वा जे अपरिसव्वा ते अणासव्वा ।

प्र० आचाराङ्ग अ० ४ उ० २ ।

॥ भावार्थ ॥

जो कर्म बाँधने के हेतु हैं वे कर्म क्षपाने के या रोकने के हेतु हो सकते हैं, जो कर्म क्षपाने के या रोकने के हेतु हैं वे कर्म बाँधने के हेतु हो जाते हैं, तथा जितने कर्म बाँधने के हेतु हैं वे रोकने के हेतु हो जाते है और जितने कर्म रोकने के हेतु हैं वे बाँधने के हेतु हो जाते हैं, अर्थात् जिन २ कारणों से कर्म बंधते हैं वे आस्रव द्वार है और उन्हीं का त्याग करने से वेही संवर हो जाते हैं—जैसे मिथ्या श्रद्धना मिथ्यात आस्रव द्वार है, हिन्सा करना प्राणातिपात आस्रव द्वार है, और मिथ्या श्रद्धनाँ का त्याग कर सम श्रद्धना सम्यक्त्व संवर द्वार है इसी तरह हिन्सा का त्याग करें सो अहिन्सा संवर द्वार है, तात्पर्य कर्म आने के जो द्वार हैं सो खुले द्वार हैं उनको बंध करे सो संवर हैं, इस प्रकार आस्रव और संवर का गुण अलग २ हैं ।

॥ बोल पैंसठवां ॥

करणी च्यार कही—इह लोक रे हित १, पर-लोक रे हित २, कीर्त्ति वर्ण शब्द व पूजा श्लाघा रे हित ३, निरजरा रे हित ४, इण च्यार प्रकार में से एकान्त कर्म निर्जरा रे हित तप करणो कह्यो। सा० सू० दशवैकालिक अ० ९ उ० ४।

॥ दोहा ॥

करणी च्यार प्रकार नीं, कही दशवैकालिक मांहि।
नवमां अध्ययन ने विषे, चौथे उद्देशे ताहि ॥३२२॥
इह लोक अर्थ तप नहिं करे, वलि नहीं परलोक ने हेत।
वर्ण श्लाघा शब्दादि निमित, न करे तप संकेत ॥३२३॥
एकान्त निरजरा कारणे, तप करणो कह्यो सोय।
समाधि हुवे चौथे पदे, तसु गुण श्लोके जोय ॥३२४॥
नित्य विविध गुण होत हैं, आस रहित तप आसक्त।
निरजरा अर्थी पाप क्षय करे, तप समाधि सदा संयुक्त।३२५

॥ सूत्र पाठ ॥

चउविहा खलु तव समाहि भवइ तं जहाः—नो इह लोगट्ठयाए तव महि ट्ठिज्जा, नो परलोगट्ठया ए तव महि ट्ठिज्जा, नो किति वण्ण सद्द सिलोगट्ठयाए तव महि ट्ठिज्जा, नन्नथ निज्जरट्ठयाए तव महि ट्ठिज्जा, चउत्थं पयं भवइ भवइ एत्थसिलोगो, विविहं गुण-तवोरए य निच्चं,

भवइ निरासए निज्जरट्ठिए, तव साधुणइ पुराण पावगं जुत्तोसया तव समाहिए ।

दशवैकालिक अ० ६ उ० ४ ।

॥ भावार्थ ॥

च्यार प्रकार तप समाधि कही—इस लोक के सुखों के लिये तप नहीं करे १, परलोक के सुखों के लिये तप नहीं करे २, कीर्ति वर्ण शब्द श्लाघा के लिये तप नहीं करे ३, एकान्त निरजरा का अर्थी होके तप करे ४, चतुर्थ पद जो निरजरार्थी होके तप करे जिसका गुण श्लोक में कहा सो कहते हैं—तप समाधि मे सदा युक्त, सांसारिक आशा रहित निरजरा का अर्थी, पूर्व कृत पापों का नाश करता है ।

॥ बोल छासठवां ॥

प्रज्ञा दोय कही—ज्ञान प्रज्ञा १, पचखान प्रज्ञा २, ज्ञान प्रज्ञा करी जाणे और पचखान प्रज्ञा करी पचखान करै । सा० सू० आचाराङ्ग प्र० श्रु० अ० १

॥ दोहा ॥

दोय प्रकारे वर्णवी, प्रज्ञा ते बुद्धि जान ।
जाणे ज्ञान प्रज्ञा करी, प्रत्याख्यान पचखान ॥३२६॥
धुर आचारांगे कह्यो, धुर अध्ययन मझार ।
द्विविध प्रज्ञा इधकार नूं, बुद्धिवंत करे विचार ॥३२७॥
समजी क्रिया भेद प्रते, द्विविध प्रज्ञा थी जेह ।
समझ कर्म कारण भणी, दूर रहे मुनि गुण जेह ॥३२८॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जस्स ते लोगं सि कम्म समारम्भा परिरणाया भवंति, से हु मुणी त्तिबेमि ।

